सार-समाचार

## डॉ. जैन को एसीआई लंदन की फेलोशिप



**उदयपुर, (कासं)।** गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के वरिष्ठ इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. दिलीप जैन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बडी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें एकेडमी ऑफ कार्डियोवैस्कुलर इंटरवेंशन्स (एसीआई), लंदन द्वारा वर्ष 2026 के लिए फेलो ऑफ एसीआई लंदन की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. जैन ने कोरोनरी इंटरवेंशन के क्षेत्र में निर्धारित प्रशिक्षण पूर्ण करते हुए उत्कृष्ट दक्षता प्रदर्शित की, जिसके आधार पर उन्हें यह फेलोशिप प्रदान की गई। यह सम्मान हृदय रोगों की जटिल एंजियोग्राफी एवं इंटरवेंशनल प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता और उच्च स्तरीय योगदान के लिए दिया जाता है। उदयपुर और पूरे मेवाड क्षेत्र के लिए गौरव एवं सम्मानजनक का विषय है। इस उपलब्धि से यहां की हृदय चिकित्सा सेवाओं को और अधिक पहचान मिलेगी।

## लाखों की नकदी हड़पी

**उदयपुर, (कासं)।** नौकरी दिलाने का झांसा देकर पीडित से लाखों की नकदी हडपने वाले के खिलाफ प्रतापरगरा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पीडित विलसन एमपी व जोली विलसन निवासी गणेशनगर नांगल जेसा बोहरा जोटवाड़ा जयपुर ने शीनू वी थोमस पुत्र थोमस निवासी पुरोहितों की मादड़ी श्रीनागर स्कूल के पास के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी से सामाजिक संपर्क होने के बाद नजदीकियां बढ गई। इस दौरान वर्ष 2024 में आरोपी ने मुझे अपनी केन्द्र सरकार तक पहचान होने का हवाला देते हुए सरकारी नौकरी दिलाने की बात कही थी। इस दौरान नौकरी के लिए सहमती देने पर मैने उसे 12 लाख रूपयों को भुगतान किया। लेकिन आज दिन तक न तो नौकरी लगाई न रूपयो लौटाए। इसको लेकर आरोपी से संपर्क करने पर टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच एएसआई सूरजमल कर रहे है।

## इम्यूनोथेरेपी के दुष्प्रभावों पर डॉ.प्रमोद सूद का संबोधन



**उदयपुर, (कासं)।** डॉ. प्रमोद सूद (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, क्रिटिकल केयर विभाग, गीतांजली मेडिकल कॉलेज व हॉस्पिटल ने 32वीं अंतरराष्ट्रीय क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। इस कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश के लगभग 4000 से अधिक वरिष्ठ क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों की सहभागिता रही। यह कॉन्फ्रेंस चेन्नई, तमिलनाडु में आयोजित की गई। इस सम्मेलन में डॉ. प्रमोद सूद को फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया, जहाँ उन्होंने क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत शोध कार्यों का मूल्यांकन जज के रूप में किया तथा एक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया। उन्होंने कैंसर के उपचार के क्रम विकास के बारे में बताया, जैसे कीमोथेरेपी से टार्गेट थेरेपी एवं इम्यूनोथेरेपी के उपयोग के बारे में बताया। उन्होंने इन उपचारों से शरीर के विभिन्न अंगों जैसे हृदय, फेफडे, गुर्दे, त्वचा तथा अंत:स्त्रावी ग्रंथियों पर पडने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया। ऐसे मामलों में मरीजों को आईसीयू में भर्ती करने के कारणों तथा उनके उपचार प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा का व्याख्यान के पश्चात इस विषय पर गहन विचार-विमर्श भी किया।

## श्रमिक की अकाल मौत

**उदयपुर, (कासं)।** अज्ञात व्यक्ति की श्रमिक के रूपम में शिनाख्त होने पर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रकरण के अनुसार 7 मार्च को सविना थाना क्षैत्र सौ फिट रोड़ पर अज्ञात युवक का शव मिलने पर एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया। इस मामले में भीमपुरा कलयाणपुर निवासी छबीलाल ने मृतक की अपने पुत्र विशाल (39)पुत्र छबीलाल डामोर निवासी भीमपुर कलयाणपुर के रूप में शिनाख्त की। विशाल शहर में रहते हुए मजदूरी करता था एवं अपने गांव नहीं जाता था।

## बाल संरक्षण इकाई की बैठक 17 को

**उदयपुर, (कासं)।** मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई की बैठक जिला कलक्टर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई अध्यक्ष नमित मेहता की अध्यक्षता में 17 मार्च को दोपहर 1 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक के.के. चंद्रवंशी ने बताया बैठक में एजेण्डानुसार बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति, बाल तस्करी सहित महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की महत्वपूर्ण भूमिका'

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ के संघटक एग्रीकल्चर महाविद्यालय की ओर से बुधवार को जनजातीय उपयोजना (टीएसपी) परियोजना के अंतर्गत पशुधन के नस्ल सुधार को बढावा देने के उद्देश्य से सिरोही नस्ल के 6 बकरों का वितरण किया गया। यह पहल क्षेत्र के छोटे एवं सीमांत किसानों की आजीविका कोसुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने चयनित महिला किसान समूहों को सिरोही नस्ल के बकरों का वितरण करते हुए कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों को उन्नत नस्लों को अपनाने तथा वैज्ञानिक पद्धतियों से पशुपालन कर आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। परियोजना के नोडल अधिकारी एवं कृषि सलाहकार प्रो. इन्द्रजीत माथुर ने बताया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में छोटे और सीमांत किसान बकरी पालन से जुड़े हुए हैं। परियोजना के अंतर्गत गोद लिए गए गांवों में स्थानीय नस्ल की 700 से अधिक बकरियां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए 6 महिला किसान समूहों को सिरोही नस्ल के 6 उन्नत बकरे प्रदान किए गए हैं, जिससे स्थानीय नस्ल में सुधार होगा और पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि होगी।



**उदयपुर के राजस्थान विद्यापीठ में नस्ल सुधार हेतु सिरोही नस्ल के बकरों का वितरण किया।**

महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. गजेन्द्र कुमार माथुर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्नत नस्ल के पशुओं को बढावा देने से न केवल पशुधन की उत्पादकता बढेगी, बल्कि किसानों के लिए आय के नए अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य वैज्ञानिक तकनीकों को गांवों तक पहुंचाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य तथा परियोजना से जुड़े अधिकारी डॉ. सौरभ राठौड़, डॉ भावना सिंह, विनोद कुमार, देवेन्द्र सिंह एवं किसान उपस्थित रहे। यह पहल क्षेत्र में पशुधन विकास तथा किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास मानी जा रही है।

## एसडीएम ने किया निरीक्षण

**उदयपुर, (कासं)।** मावली उपखण्ड अधिकारी रमेशचंद्र सीरवी पुनाडिया ने बुधवार को तहसील कार्यालय घासा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान 181 राजस्थान संपर्क पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा प्रकरणों का भौतिक सत्यापन कर निस्तारण भी किया गया। 181 पर प्राप्त प्रकरणों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कोर्ट के लंबित प्रकरणों की एवं राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण के निर्देश प्रदान किये गये।

एसडीएम ने आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल संबंधी प्राप्त होने वाली सभी शिकायतो का त्वरित निस्तारण करने बाबत् भी आवश्यक निर्देश दिये गये।

## जिंक पार्क में जिंक एलॉय बनाने के लिए सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ की पार्टनरशिप

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर और शीर्ष पांच सिल्वर उत्पादक में से एक, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में स्थापित होने वाले जिंक पार्क में जिंक एलॉय बनाने के लिएउ सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किये।

सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी नॉन-फेरस मेटल रीसाइक्लिंग कंपनी है और विश्व में सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। यह राजस्थान में जिंक पार्क के लिए दूसरी बड़ी पार्टनरशिप है, इससे पहले हिंदुस्तान जिंक ने त्रिपुरा ग्रुप के साथ एमओयू किया है, यह जिंक-बेस्ड इंडस्ट्रियल एप्लीकेशन के लिए भारत के पहले इंटीग्रेटेड इकोसिस्टम के तौर पर पार्क की स्थिति को और मजबूत करता है।

एमओयू के तहत, सीएमआर ग्रीन टेक्नोलॉजीज जिंक पार्क में एक मैन्युफैक्चरिंग सुविधा बनाएगी जो हाई-क्वालिटी, कम-एमिशन वाले जिंक एलॉय बनाने पर फोकस करेगी। ये एलॉय ऑटोमोटिव, इंफ्रास्ट्रक्चर, डाई-कास्टिंग और कंज्यूमर गुड्स जैसी इंडस्ट्रीज के लिए बहुत जरूरी हैं। यह प्रोजेक्ट जिंक की डाउनस्ट्रीम वैल्यू एडिशन को संभव करेगा, साथ ही सस्टेनेबल मेटल प्रोसेसिंग को बढ़ावा देगा और इंडस्ट्रियल मटीरियल में भारत की आत्मनिर्भरता में सहायक होगा।

जिंक पार्क की घोषणा सबसे पहले राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दौरान की थी, जिसमें वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने इसे भारत के डाउनस्ट्रीम मेटल्स इकोसिस्टम के लिए एक बदलाव लाने वाली पहल के तौर पर बताया था। हिंदुस्तान जिंक और रीको द्वारा मिलकर विकसित किए गए इस पार्क का मकसद जिंक मैन्युफैक्चरिंग के लिए पूरी तरह से इंटीग्रेटेड, रिन्यूएबल एनर्जी से चलने वाला हब बनाना है। हिंदुस्तान जिंक के चंदेरिया, दरीबा और देबारी ऑपरेशन्स के पास होने से मजबूत लॉजिस्टिक्स और भरोसेमंद रॉ मटेरियल सप्लाई सुनिश्चित होती है।

## विद्यार्थियों ने श्रमदान कर स्वच्छता व सामाजिक जिम्मेदारी का दिया संदेश

- **विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच, आत्म-अनुशासन,ध्यान और आत्म-नियंत्रण के माध्यम से मन को संतुलित रखने के व्यावहारिक उपाय बताए**

**उदयपुर,(कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ,उदयपुर के अधीन कॉलेज ऑफ डेयरी एंड फूड टेक्नोलॉजी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन उत्साह,अनुशासन और सक्रिय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्रात:कालीन सत्र से हुई,जिसमें स्वयंसेवकों ने शारीरिक प्रशिक्षण, योगाभ्यास तथा परेड में भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में शारीरिक सुदृढता,अनुशासन तथा टीम भावना का विकास करना है। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने श्रमदान गतिविधि के अंतर्गत परिसर की सफाई कर स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस गतिविधि में भाग लेते हुए स्वच्छ वातावरण के महत्व को समझा। प्रात:कालीन गतिविधियों के पश्चात विद्यार्थियों के लिए मन को नियंत्रित करने की कला विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री हिमालय दास एवं श्री मकरध्वज प्रभुजी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान भौतिकवादी एवं प्रतिस्पर्धात्मक युग में मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। वक्ताओं ने विशेष रूप से यह उल्लेख किया कि आज के समय में सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग विद्यार्थियों के ध्यान और एकाग्रता को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच,आत्म-अनुशासन,ध्यान और आत्म-नियंत्रण के माध्यम से अपने मन को संतुलित रखने के व्यावहारिक उपाय बताए। इस प्रेरक व्याख्यान से विद्यार्थियों को मानसिक दृढता एवं आत्म-नियंत्रण के महत्व को समझने का अवसर मिला।

दोपहर के सत्र में उदयपुर कलेक्टरेट की टीम द्वारा मतदाता पंजीकरण एवं मतदाता जागरूकता विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस टीम में डॉ. अक्षयराज तथा श्री असलम चोपदार शामिल थे। टीम के सदस्यों ने विभिन्न वीडियो एवं पावरपॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया,मतदान के महत्व तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मतदान के प्रति जागरूक रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर डॉ. गरिमा वर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक जागरूकता,अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता से संबंधित महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किए।शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा,सहयोग एवं जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ करने का प्रयास किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में महाविद्यालय के लगभग 80स्वयंसेवी छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं,जो विभिन्न सामाजिक,शैक्षिणक तथा व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय रूप से सहभागिता कर रहे हैं।

## जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर डूंगरपुर के आदेशानुसार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व मेडिकल विभाग के तत्वावधान में बलवाडा स्थित मुस्कान संस्थान में संचालित मुख्यमंत्री पुर्नवास गृह में जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के निदेशक अविनाश जैन ने अतिथियों का उर्पणा पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर संस्थान के भारत गौरव सेवा आचार्य भरत नागदा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर जिसमें हेल्थ चेकअप, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य, जांच शिविर, घटक डाइमेंसिया, स्मृति हास एवं संज्ञानात्मक कमजोरी की प्रारंभिक पहचान,अवसाद, चिंता, अकेलापन, अनिद्रा जैसी समस्याओं का समाधान एवं रक्तचाप ब्लड शुगर, वनज, नेत्र एवं श्रवण आदि सभी बीमारियों की जांच,परामर्श, समाधान व उपचार हेतु सामान्य चिकित्सालय के डॉक्टर डॉ.अमृत गोसाई वरिष्ठ विषेषज्ञ मनोरोग, एवं डॉ. नैतिक जैन, चिकित्सा अधिकारी ईएनटी द्वारा मरीजो की संबंधी समस्याओं की जांच कर उपचार संबंधी परामर्श दिया।

## जिला कलक्टर ने ली एलपीजी वितरकों की बैठक

**उदयपुर, (कासं)।** खाड़ी देशों में चल रहे तनाव के चले एलपीजी गैस सिलेण्डर को लेकर बन रही उहापोह की स्थिति के बीच जिला प्रशासन एलपीजी वितरण को लेकर पूरी तरह से सतर्क है। जिला कलक्टर नमित मेहता ने बुधवार को कलक्ट्रेट मिनी सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों कीउपस्थिति में एलपीजी वितरकों की बैठक ली। इसमें जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन को गैस आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए और किसी भी स्तर पर अनियमितता या कालाबाजारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में जिला रसद अधिकारी मनीष भटनागर ने बताया कि जिले में कुल 44 गैस वितरक फर्म कार्यरत हैं, जिनमें एचपीसीएल के 8, बीपीसीएल के 18 और आईओसीएल के 18 वितरक शामिल हैं। जिले में कुल 6 लाख 73 हजार 99 घरेलू गैस कनेक्शन धारक हैं,जिनमें 3 लाख 63 हजार 142 उज्ज्वला योजना तथा 3 लाख 9 हजार 957 सामान्य उपभोक्ता शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले में प्रतिदिन लगभग 10 हजार घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की जा रही है तथा घरेलू गैस की आपूर्ति 48 से 72 घंटे के भीतर सुनिश्चित की जा रही है। वर्तमान में घरेलू गैस कनेक्शन धारकों, शिक्षण संस्थानों और चिकित्सा संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

बैठक में यह भी बताया गया कि जिले में व्यावसायिक गैस सिलेंडरों की प्रतिदिन लगभग 1000 सिलेंडरों की आवश्यकता है। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि गैर-घरेलू सिलेंडरों का भी पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जाए। कलक्टर मेहता ने अधिकारियों और वितरकों को निर्देशित किया कि गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी, जमाखोरी या अनियमित वितरण की शिकायत मिलने पर तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि गैस वितरण व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और सुचारू रहनी चाहिए ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, एसडीएम गिर्वा अवुला सांईकृष्ण, बीपीसीएल प्रादेशिक प्रबंधक अजय पटेल, विक्रय अधिकारी श्लोक गुप्ता, एचपीसीएल के विक्रय अधिकारी दीपक आचार्य, आईओसीएल के विक्रय अधिकारी धर्मेंद्र सहित एलपीजी वितरक उपस्थित रहे।

# फिजियो फेस्ट 2026 का आगाज

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संघटक फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से बीएड कॉलेज के सभागार में मंगलवार को विद्यार्थियों की ओर से आयोजित सांस्कृतिक समारोह एवं पुरस्कार वितरण " फिजियो फेस्ट 2026 " का शुभारंभ कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। समारोह में विद्यार्थियों ने राजस्थानी रिमिक्स, एकल गायन, एकल नृत्य, समुह नृत्य, केट वॉक के साथ साथ विद्यार्थियों ने मराठी, पंजाबी रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियॉ दे अतिथियो का मन मोह लिया।

प्रारंभ में अधिष्ठाता डॉ. शैलेन्द्र मेहता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए समारोह की जानकारी देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी रहे प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देते हुए प्रो. सारंगदेवोत ने भावी डाक्टर्स का आव्हान किया कि वे मरीजों की सेवा करने से बड़ा कोई कार्य नहीं हो सकता है इसलिए मरीजों को भगवान का रूप मान कर सेवा करेगे जो जीवन



**सांस्कृतिक कार्यक्रम फिजियो फेस्ट में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया।**

में कभी असफल नहीं होगे। जीवन में आगे बढने के लिए धैर्य रखे। उन्होंने कहा कि फिजियोथेरेपी चिकित्सा महाविद्यालय का यह रतज जयंती वर्ष चल रहा है पूरे वर्ष राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनारों के अलावा अन्य समारोहों का आयोजन संस्थान द्वारा किए जायेंगे।

अध्यक्षता करते हुए बीएल गुर्जर ने कहा कि भारतीय, संस्कृति एवं सभ्यता को जीवंत रखने के उद्देश्य से ही इस तरह के आयोजन किए जाते है, उन्होने प्रत्येक विद्यार्थियों का आव्हान किया कि वे महाविद्यालय की ओर से आयोजित प्रत्येक प्रवृत्तियों में भाग ले, जीत हार कोई मायने नहीं रखती है। बेस्ट विद्यार्थी का अवार्ड हर्षिता सुथार को व बेस्ट प्लेयर का अवार्ड अंकित चौहान, प्रियांशी पालीवाल, भूमि जैन, अदिति जोशी, हर्षिता सुथार को दिया गया। डॉ. इंदू आचार्य, डॉ. नितु व्यास, डॉ. कुसुम चन्द्रायन ने निर्णायक की भूमिका अदा की। संचालन डॉ. प्रज्ञा भटट् ने किया जबकि आभार डॉ. विनोद नायर ने जताया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अकादमिक, गैर अकादमिक कार्यकर्ता एवं विद्यार्थियों ने जमकर समारोह का लुत्फ उठाया।

सार-समाचार

## होली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**चित्तौड़गढ़, (निसं)।** श्री लखेरा समाज मेवाड़ चौखला रानीखेड़ा विकास सेवा संस्थान का होली स्नेह मिलन समारोह रानीखेड़ा स्थित समाज के चैना माता, कुशला माता मंदिर परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उपस्थित समाज बंधुओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया। जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सत्यनारायण लखारा ने बताया कि स्नेहमिलन समारोह के प्रारंभ में चैना माता कुशला माता की आरती की गई। इसके पश्चात् रतनलाल कानोड़ की अध्यक्षता में बैठक प्रारंभ हुई। बैठक में दिनेश कैथुनियां लखेरा, भंवरलाल चिकारड़ा, रतनलाल परसाद, देवीलाल चित्तौड़गढ़, घनश्याम चावंडिया आदि अतिथियों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संघ के महामंत्री भगवतीलाल आवरीमाता ने बैठक एजेंडे की जानकारी दी। अध्यक्ष चांदमल लखारा ने आगामी वार्षिकोत्सव व चैना माता कुशला माता मंदिर परिसर में शिव परिवार एवं हनुमान जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के बारे में अपने विचार रखे। बैठक में सर्वसम्मत निर्णय हुआ जिसके अनुसार आगामी 21 व 22 जून को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव किया जाएगा जिसमें 21 जून को रात्रि भजन संध्या एवं 22 जून को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होंगे। मंदिर के सहयोगी भामाशाह रमेश बड़ीसादड़ी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए समाज बंधुओं ने नगद राशि एवं सामान देने की घोषणा की।

## सड़क हादसे में वृद्धा की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** गोगुन्दा थाना क्षेत्र में कार ने वृद्धा को चपेट में ले लिया। जिसकी एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सांय गोगुन्दा थाना क्षैत्र शेलू गांव रोड़ पर कार ने वाहन की प्रतिक्षा में खड़ी वृद्धा मोहनीबाई (68) पत्नी पेमजी को कार ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे उपचार के लिए गोगुन्दा चिकित्सालय पहुंचाया। जिसे वहां से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। एएसआई भरतसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मोहनीबाई ईसवाल से शेलू गांव आई थी एवं जाने के लिए वानह की प्रतिक्षा में खड़ी थी। इसी तरह गत दिनों पति की बाईक से नीचे गिरने पर घायल परगा पत्नी अम्बालाल गमेती निवासी मोरवल कालुड़ा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। एएसआई भरतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

## हादसे में विद्युतकर्मी की मौत

उदयपुर, (कासं)। गत दिनों ट्रेन की चपेट में आने से विद्युतकर्मी की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 मार्च सायं प्रतापनगर थाना क्षैत्र मादड़ी रेल्वे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट में आने से सिविनल लाईन भगतसिंह चौक गंगानगर हॉल मादड़ी प्रतापनगर निवासी मोहित (39)कुमार पुत्र महेन्द्र कुमार मेघवाल की मौत हो गई। मोहित विद्युत विभाग में काम करता था एवं घटना वाले दिन वह ट्रेक पार कर रहा था। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल नारायण ने मृतक कापोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौपा।

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड ने मेघवाल से की शिष्टाचार भेंट



**उदयपुर,(कासं)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड निजी यात्रा पर उदयपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रात: नाश्ते पर राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कैलाश चंद्र मेघवाल से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई, जहां दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। करीब दो घंटे तक चली इस मुलाकात के दौरान प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, सामाजिक सरोकारों तथा जनहित से जुडे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने आपसी अनुभव साझा करते हुए देश और प्रदेश के विकास से जुडे विषयों पर भी चर्चा की। मुलाकात को सौहार्दपूर्ण और विचारों के आदान-प्रदान के रूप में देखा जा रहा है।

## एचपीवी टीकाकरण बढ़ाने के निर्देश

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिले में आमजन को एफसीएम इंजेक्शन के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है लेकिन इसके बाद नियमित फॉलोअप नहीं होने से उपचार की वास्तविक सफलता का आंकलन करना कठिन हो रहा है। इसी संबंध में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह राठौड़ ने ब्लॉक मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से चर्चा में विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को लगाए जा रहे एफसीएम इंजेक्शन के बाद फॉलोअप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ताकि यह स्पष्ट हो सके कि उपचार से कितनी प्रभावशीलता प्राप्त हो रही है और मरीजों को कितना लाभ मिल रहा है। समीक्षा के दौरान एचपीवी टीकाकरण अभियान को भी गति देने के निर्देश दिए गए। सीएमएचओ डॉ. राठौड़ ने कहा कि अधिक से अधिक बालिकाओं को एचपीवी टीके से लाभान्वित करने के लिए शिक्षा और पंचायती राज विभाग के साथ समन्वय बनाकर कार्य किया जाए ताकि अभियान का व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नियमित मॉनिटरिंग और फॉलोअप पर विशेष ध्यान दिया जाए जिससे योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। एडिशनल सीएमएचओ डॉ भरत राम मीणा ने शक्ति दिवस, परिवार नियोजन गतिविधियां, अंतर इंजेक्शन, मां योजना पर समीक्षा की।

## रंगोत्सव धूमधाम से मनाया

**कपासन, (निसं)।** कपासन नगर में रंगोत्सव का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोपहर बाद परंपरा अनुसार इलाजी की जी बरात ढोल के नगाड़ों के साथ नगर में निकाली के गई। बुधवार को कपासन नगर में अलग-अलग मोहल्ले चौराहा बाजारों में बच्चों, परिवार महिलाओं सहित मित्रों ने गुलाल के साथ जमकर होली खेली गई व कई जगह लोग व महिलाओ ने टोलियां बनाकर अलग-अलग स्थानों पर डीजे साउंड पर डांस करते व मिठाइयां बांटते हुए लोगों के साथ होली खेली। दोपहर बाद लोडकिया चोक स्थापित इलाजी के यहां से परम्परा इलाजी बने दूल्हे का बन्दोंला खिला श्री चारभुजा जी मंदिर से निकासी की गई। बारात ढोल नगाड़ों के साथ खुला फाग गाते हुए शुरू हुई, जो पीपली बाजार से होती हुई दाणी चबूतरा कस्बा चौकी पहुंची। जहां पर परंपरा अनुसार हकीमों और अधिकारियों को टारगेट करते हुए बारातियों ने खुला फाग और दोहे सुना हंसी मजाक कर परंपरा का निर्वहन किया।

## फूलडोल महोत्सव मनाया

**राजसमन्द, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती बडी मोरवड गांव में चारभुजा मंदिर प्रांगण में शीतला अष्टमी के अवसर पर बुधवार को फ ूलडोल महोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। फ ागोत्सव के उपलक्ष्य में हुए फ ूलडोल को लेकर मोरवड, धर्मेटा आदि गांवों से पुरूष, महिलाएं व बच्चे पूरे उत्साह के साथ मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। यहां लोगों ने भक्ति संगीत की मधुर धुनों एवं ढोल की थाप के साथ पूरे जोश व उत्साह से गेर नृत्य किया। इसमें बच्चों व बडों सभी ने भावमय होकर नृत्य का आनंद लिया। इस दौरान प्रभु के गगनभेदी जयकारे गूंजते रहे।

Phone No. 0294-2417334 (O) Email-dormpuat@gmail.com
अनुसंधान निदेशालय
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर, उदयपुर
क्रमांक मप्रकृप्रोविवि / Tender / 2025-26 /5504 दिनांक: 11/03/2026
निविदा सूचना
अनुसंधान निदेशालय, मप्रकृप्रोविवि, उदयपुर की ओर से निम्न खुली निविदा निम्नानुसार दिनांक 18.03.2026 अपरान्ह 12:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट (sppp.rajasthan.gov.in and www.mpuat.ac.in) पर देखी जा सकती है। भविष्य में निविदा में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।
निविदा संख्या
DOR/NIT/2025-26/48845469 ATU2526A0308/ATU2526SSOB00366
DOR/NIT/2025-26/48845470 ATU2526A0307/ATU2526SSOB00367
निदेशक अनुसंधान